17 जून, 2019 को लखनऊ में पीएमएवाई(यू) के अंतर्गत "समूह आवास में नई और उभरती प्रौद्योगिकियों का प्रयोग" पर संवेदी कार्यक्रम का आयोजन

बीएमटीपीसी विभिन्न राज्यों में नियमित रूप से उचित निर्माण पद्धतियों के क्षेत्र में इंजीनियरों और वास्तुविदों को संवेदी बनाने के लिए और उन्हें पीएमएवाई(शहरी) और राज्य/केन्द्रीय सरकार की अन्य योजनाओं के अंतर्गत आवासों के निर्माण के लिए आवास निर्माण के क्षेत्र में उभरती प्रौद्योगिकियों से परिचित कराने के लिए संवेदनशीलीकारक कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

इस श्रृंखला में, पीएमएवाई (यू) के अंतर्गत वृहत स्तर पर आवास निर्माण में नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर एक संवेदीकरण कार्यक्रम 17 जून, 2019 को लखनऊ में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का आयोजन बीएमटीपीसी, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा एसयूडीए, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, जोकि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी (एसएलएनए) है, के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के शहरी स्तर के तकनीकी प्रकोष्ठ में कार्यरत विभिन्न यूएलबी और इंजीनियरों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम के दौरान, सहभागियों को नई प्रौद्योगिकी अर्थात लखनऊ में प्रदर्शन आवास परियोजना में प्रयोग की गई "स्टे इन प्लेस" ईपीएस आधारित दोहरी दीवार युक्त प्रणाली के लाभों के बारे में अवगत कराया गया था।

दोहरी दीवार वाली ईपीएस पैनल आधारित प्रणाली का प्रयोग करते हुए बीएमटीपीसी द्वारा कार्यान्वित की जा रही औरंगाबाद जागीर, लखनऊ में प्रदर्शन आवास परियोजना के स्थल दौरे का आयोजन कार्यक्रम के सहभागियों के लिए किया गया था ताकि वे सक्रिय परियोजना के माध्यम से नई प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी हांसिल कर सकें और इस प्रौद्योगिकी के लाभों के बारे में उन्हें बताया जा सके।